an>

Title: Regarding setting up an Airport at Jamshedpur.

श्री विद्युत वरण महतो (जमशेदपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर औद्योगिक क्षेत्र है। यहां टाटा जैसा प्रतिÂिठत उद्योग स्थापित है। इस उद्योग के स्थापित होने के कारण यहां पूरे वातावरण में आयरन ओर, कायनाइट, यूरेनियम, कॉपर, सोना तथा उच्च गुण युक्त मैंगनीज और पन्ना जैसी धातु हैं। इसके अनुकूल वातावरण देखकर देश विदेश से निवेशक यहां आने के इच्छुक हैं और आते जाते रहते हैं। यहां पर उद्यमियों द्वारा अन्तर्राÂट्रीय एवं अन्तर्राजातीय स्तर पर निर्यात होता है जिसके कारण दूसरे प्रदेशों में आना जाना पड़ता है। इसलिए आपके माध्यम से मैं मांग करता हूं कि जमशेदपुर में एक एयरपोर्ट का निर्माण किया जाए।